आठवी पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य मौजूदा प्रतीक्षा सूची में दर्ज आवेदकों को नये टेलीफोन कनेक्शन प्रदान करना, 31-3-1994 तक की अनुमानित मांग को पूरा करना, 1–4–1995 तक 5000 या इससे अधिक की क्षमता वाले एक्सचेंजो में दर्ज आवेदकों को टेलीफोन देना है।

(ग) राजस्थान की दूरसंचार सलाहकार समिति और जयपुर की टेलीफोन सलाहकार समिति का कार्यकाल क्रमशः 31–5–89 और 31-7-89 को समाप्त हो गया है । इन समितियों का शीघ्र ही पुनर्गठन कर दिया जायेगा ।

राजस्थान में गांवों और कस्बों में संचार-जाल

823. डा० अरार अहमद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में कुल कितने गांव और कस्बे संचार माध्यमों से जुड़े हुए हैं, कितने गांव एवं कस्बे आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक संचार माध्यमों से जोड़ दिये जायेंगे और शेष गांवों तथा कस्बों को कब तक उक्त सुविधा प्रदान कर दिय जाने की संभावना है ;

(ख) क्या 1994 तक राजस्थान के छोटे गावों को भी तार एवं टेलीफ़ोन सेवा से जोड़ने का कोई प्रस्ताव या योजना है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या प्राइवेट कोरियर सेवाओं से डाक-व्यवस्था पर कोई प्रभाव पड़ा है या किसी डाकघर के बंद होने का कोई मामला नजर में आया हैं, क्या प्राइवेट कोरियर सेवाओं के नियंत्रण के संबंध में कानून बनाने का कोई विचार हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में उपमंत्री और संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जय प्रकाश) :(क) 30-11-1990 की स्थिति के अनुसार राजस्थान के 2457 ग्रामों तथा सभी 201 म्यूनिस्पिल कस्बों को संचार नेटवर्क के साथ जोड़ दिया गया है।

यदि संसाधन उपलब्ध हुए तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 5100 ग्रामों को संचार नेटवर्क के साथ जोड़ने की योजना है । संसाधन उपलब्ध होने की स्थिति में, सन् 2000 तक प्रत्येक ग्राम में दूरसंचार सुविधा प्रदान करने का भी प्रस्ताव हैं ।

(ख) जी हां, उपर्युक्त (क) के अनुसार ।

(ग) जी नहीं । निजी कोरियर सेवा से डाक प्रणाली पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा हैं । निजी कोरियर सेवाओं को प्रचालन के कारण किसी डाकघर को बंद नहीं किया गया हैं। निजी कोरियर सेवाओं पर नियंत्रण रखने के लिए कोई कानून बनाने का प्रस्ताव नहीं है । विभाग कोरियरों को पर्याप्त प्रतिस्पर्धा प्रदान कर रहा है ।

Waiting List of Telephone Connection in Delhi

824. SHRl SYED SIBTEY RAZI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to provide telephone connections to regis tered persons in each category and clear entire waiting list;

(b) if so^ the details thereof;

(c) whether any steps have been taken to implement the decision so far;

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor; and

(e) by which time the entire waiting list will be cleared?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI JAI PARKASH): (a) to (e) The draft Eighth Plan